# डीकनों का स्थान में रखा जाना

और, ऐसा है, कि पहले कुछ डिकनो को कलीसिया के अंदर स्थान में रखा जाना है। और यहां हमारी छोटी कलीसिया में स्वयं का स्वतंत्र अधिकार है। इस कलीसिया की कोई संप्रदाय नहीं है या ऐसा कुछ भी नहीं है कि उनके डिकनो को भेजें, यह अपने स्वयं के डिकनो को चुनती है। यह अपने पास्टर का चुनाव करती है, यह अपने ट्रस्टियों का चुनाव करती है, यह कलीसिया में आने–जाने वाले प्रत्येक चीज का चुनाव करती है। किसी भी चीज़ पर किसी एक व्यक्ति का नियंत्रण नहीं है, यह कलीसिया का अधिकार होता है। और कलीसिया वे लोग होते हैं जो आकर और अपनी उपस्थिति, अपने दशमांश और प्रेम दान के द्वारा कलीसिया का समर्थन करते हैं, हमेशा ऐसे ही लोग होते हैं जिनके पास ऐसी बातों को स्थान रखने के विषय में वैध रूप से अधिकार होता है।

2 और मैं इसके पहले के डिकनो के बोर्ड समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं, और मैं इसे यहां से सारी कलीसिया के लिए कहता हूं। यदि उन भाइयों में से कोई यहां पर है, जो कि भाई कॉक्स थे, भाई फ्लेमन, और भाई हिगिनबोथम और भाई डिट्ज़मैन थे, उन्होंने हमें, प्रभु को, इस आराधनालय में एक अच्छी सेवा दी है।

3 और हर बार हमेशा ही, कलीसिया के नियमों के अनुसार, हर वर्ष, डिकनो या ट्रस्टी अपना समय अपने आप ही अपने स्थान को ले लेते हैं। और यदि वे वापस आना चाहते हैं, तो अच्छी बात है। यदि वे वापस नहीं आना चाहते हैं, तो वे किसी को उनके स्थान पर रख सकते हैं, कि इस बोर्ड या समिति के सदस्य ने इस्तीफा दे दिया है।

4 और एक रात को मैंने ट्रस्टी बोर्ड को फोन किया, जो कि वहां पर एक नया ट्रस्टी बोर्ड या समिति है। मैंने ध्यान दिया कि आज रात यहां पर भाई लूथर मैकडॉवेल है, हम उन्हें यहाँ देखकर खुश हैं, जो पहले ट्रस्टी बोर्ड पर थे। मैं इस सप्ताह यह देखने के लिए गया था और जांच करने के लिए कि एक फोटोस्टेटिक कॉपी या प्रतिलिपि बनाई गई है, जिसे कलीसिया के

सामने भी रखा जाएगा। कि अब कलीसिया के ट्रस्टी भाई विलियम मॉर्गन, भाई माइक इगन, और भाई बैंक्स वुड, और भाई रॉय रॉबर्सन है। और वे सारे इसी शहर के हैं, सिवाये भाई रोबरसन के जो दो शहरों के बीच में रहते है। प्रभु ने उन लोगों में उचित गुण पाये हैं, और वे आदरणीय व्यक्ति रहे हैं, और उन्होंने अब इस कलीसिया के ट्रस्टी या खजांची के रूप में कर्तव्य को ग्रहण कर लिया है।

5 और फिर जिस समय यह बैठक चल रही थी, और सहायक पास्टर के द्वारा बताया गया था कि हम, डिकन के एक नए बोर्ड या समिति के चुनाव के लिए है, कि इन–इन लोगों ने अपनी सेवा की अवधि को पूरा कर लिया है और—और त्यागपत्र दे दिया है, उसके बाद इसे कुछ और डिकन को चुनना था। अब, कलीसिया... जिस तरह से यह किया जाता है, ऐसा है, कि वो बोर्ड या समिति डिकनो को नियुक्त कर सकता है, वे व्यक्ति जिसके साथ उन्होंने संगती की हैं और आदरणीय और धर्मी मनुष्य के रूप में पाए गए हैं।

6 एक डिकन का पद एक बहुत ही बड़ा कार्य स्थान होता है, और कलीसिया में एक डिकन होना प्रभु के लिए एक महान सम्मान की बात है। और इसलिए, उस रात की बैठक में, कुछ लोगों को मेरे पास बुलाया गया था। और जब पास्टर के साथ भेंट हुई, तो अगले... इस पिछले शुक्रवार को, जो इस मनुष्य से सहमत था कि ये सम्मानित और धर्मी व्यक्ति था।

7 एक युवा पुरुष जिसे उन्होंने पाया, वह बिल्कुल भी योग्य नहीं था (इसलिए नहीं कि वह सही प्रकार का मनुष्य नहीं था), उस एक व्यक्ति के लिए यह सुझाव हमारे ट्रस्टी बोर्ड के एक सम्मानीय व्यक्ति द्वारा दिया गया था। लेकिन जब पास्टर और मैं एक साथ आए, और मैंने उस युवक की उम्र के बारे में पूछा, वह बीस वर्ष की उम्र के आसपास था। सम्मानित, धर्मी, और एक सच्चा मनुष्य, लेकिन पाते हैं कि वह एक कुंवारा पुरुष था। बाईबल मांग करती है डिकन एक विवाहित पुरुष होना चाहिए। उसे अवश्य ही एक पत्नी का पति होना चाहिए।

8 और फिर एक और पुरुष जो एक बहुत ही सम्मानित व्यक्ति था, उस काम के लिए बहुत ही योग्य था और एक वफादार व्यक्ति बन सकता था, जैसा कि एक भाई ने उसका सुझाव दिया था। तब मामले की जांच करने के बाद, पता चला कि भाई हाल ही में इस विश्वास में आया था, उसकी

पत्नी इसमें विश्वास नहीं करती है। तब उस व्यक्ति को कार्य स्थान के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। क्योंकि उसका सारा परिवार अवश्य ही अधीनता में होना चाहिए, उन्हें भी अवश्य ही विश्वास में होना चाहिए, क्योंकि यह एक विरोध होगा।

9 और हम अब गठन कर रहे हैं, और हम इस कलीसिया को रखना चाहते हैं। और कलीसिया के सामान्य निरीक्षक के रूप में, मुझे अवश्य ही देखना है कि इसे आत्मिक रूप से, हर एक चीज को ठीक वचन अनुसार रखा गया है।

10 और इसलिए, फिर, इसे बोर्ड और पास्टर, और निरीक्षक के द्वारा अनुकूल पाया गया, कि लोगों के इस झुण्ड में से किसी व्यक्ति को चुने जिसे हम समझते है कि सम्माननीय और धर्मी मनुष्य हैं। हम केवल उन्हें ही ला सकते हैं। और यह, तब, उन्हें कलीसिया के द्वारा नियुक्त किया जाता है, उनके अपने वोट के द्वारा। और फिर ये मनुष्य सेवा करेंगे, यदि उन्हें ऐसा महसूस होता है कि वे इस पद को स्वीकार करेंगे। उसके बद वे थोड़े समय के लिए आएंगे, यह देखने के लिए कि क्या उन्हें लगता हैं कि हो सकता है कि परमेश्वर ने उन्हें बुलाया हो। और यदि बाद में, यदि वे महसूस करते हैं कि वे अयोग्य हैं, तब, उनके पास अधिकार है कि अगले कुछ सप्ताहों में कि अपने कार्य पद से त्यागपत्र दे दे, जिससे कि उनके स्थान पर किसी और को नियुक्त किया जा सके।

11 हालांकि, बेदारी के शुरुवात में कि (यदि परमेश्वर ने चाहा तो) जैसे ही मुझे थोडा आराम मिलता है, तो मैं यहाँ इस आराधनालय में रुकना चाहूंगा, तब मैं—तब मैं... हम इन डिकनों पर हाथों को रखने के द्वारा अभिषेक करेंगे, इस कलीसिया में डिकन और कोषाध्यक्ष को। लेकिन पहले उन्हें अवश्य ही नियुक्त किया जाना है और—और देखना कि वे इसे किस तरह से पसंद करते हैं और किस तरह से सभा के लोग इसे पसंद करती है। तब यदि यह—तब यदि यह दोनों ओर से सही होता है, तब हम इन लोगों को नियुक्त डिकन बनाते है, ठीक इसी तरह से ट्रस्टी लोगों को चुना जाता हैं।

12 यह कलीसिया का स्वयं में सर्वोच्च अधिकार है और व्यवस्था है, परमेश्वर के वचन के द्वारा। इसलिए, कि, वे अब ऐसा नहीं कह सकते कि "मैं सोचता हूं कि यह मनुष्य एक सही मनुष्य होगा," ये ऐसा नहीं है, "भाई नेविल सोचते हैं कि यह मनुष्य एक सही मनुष्य होगा," या "ट्रस्टी

बोर्ड सोचता है कि यह मनुष्य एक सही मनुष्य होगा।" इसे तो कलीसिया के द्वारा होना है! यहां कोई भी अपने आप में कुछ नहीं करता है। यह कलीसिया का वोट होता है। यह एक स्वयं में सर्वोच्च अधिकार रखने वाली एक कलीसिया है।

13 1937 की बाढ़ में पहले नियमों के संग्रह के पन्ने नष्ट हो गया थे। हमने उनकी कापी कर के रखी है या प्रतिलिपि को तैयार किया है, और इसे जल्द ही यहां दीवार पर टंगा देंगे, ट्रस्टी, डिकन, कोषाध्यक्ष, और इत्यादि के कर्तव्य, पास्टर, सहयोगी, और इत्यादि के।

14 परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा, यह मुझे बताया गया है, और इस कलीसिया के बोर्ड के जरिये से सौ प्रतिशत वोट मिले है, कि उन्होंने उस भाई हॉलिन हिकरसन को एक धर्मी, सम्मानित व्यक्ति के रूप में पाया है, और इस पद में श्रेणी में है कि इस—इस आराधनालय के डिकन होने के महान सम्मान को ग्रहण करें।

15 इसके अलावा, हमने पाया है, और बोर्ड के वोट देने के द्वारा, कि भाई कोलिन्स भी एक आदरणीय और धर्मी मनुष्य पाए गए हैं। एक सेवक होने के नाते, स्वयं, इसलिए हम उनसे कहेंगे कि आकर और कलीसिया के एक—एक डिकन बने; और ना ही केवल डिकन, लेकिन भाई नेविल के एक सहयोगी बने, और हो सकता है संडे स्कूल की कक्षा को लेने के लिए, या भाई नेविल का स्थान लेने के लिए, या जो कुछ भी उसे भाई नेविल का सहयोग करने के लिए बताया जा रहा है। यह भाई कोलिन्स के लिए है।

16 और, यह भी, कलीसिया ने इस पक्ष में पाया है, कि भाई टोनी ज़ाबेल, एक सम्मानित और धर्मी व्यक्ति है, और ट्रस्टी बोर्ड और पास्टरों के सामने उनका समर्थन किया गया है, कि उनसे कहे कि इस आराधनालय में डिकन के पद को ग्रहण करे।

17 और यह भी मांग की गयी है, और उन्हें हमारे बीच में एक आदरणीय व्यक्ति पाया गया... (ना हीं... अब ये केवल एक आदरणीय मनुष्य नहीं है, लेकिन अब उन्हें बोर्ड के द्वारा चुना गया है।) भाई टेलर हेनरीविले से, या मेम्फिस, मैं सोचता हूं कि यह मेम्फिस, इंडियाना के है। वे कुछ समय से हमारे साथ रहे है, अशर या प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे है और ये जो कुछ भी कर सकते है वे कर रहे है। कि कलीसिया ने उनके लिए समर्थन को दिया है, या बोर्ड और पास्टर ने, कि वह उस—उस महान पद को

स्वीकार करे, इस आराधनालय का डिकन होने के लिए।

18 और यह भी मांग की गयी है कि भाई माइक इगन के दामाद, भाई— भाई बॉब हार्नड, बोर्ड के द्वारा और पास्टरों के द्वारा, इस उक्त आरधानालय के कोषाध्यक्ष के रूप में पद स्वीकार करने के लिए चुना गया है, जो एक सम्मानजनक कार्य है, और इसके लिए न्याय और सम्मान की आवश्यकता होती है।

19 ऐसा करने में, मैं सोचता हूं, मेरे भाई लोग, जो आपको यहां से बुला रहे हैं, जो कि यह आपके लिए एक बड़े सम्मान की बात होगी। और केवल यही नहीं, लेकिन कुछ तो करना है।

20 इस समय मेरे पास भाई नेविल होंगे, जो हमारे सहयोगी है, कि डिकन पद के लिए क्या आवश्यता है उसे पढे। भाई नेविल, क्या आप इसे परमेश्वर के वचन से पढ़ेंगे। [भाई नेविल पहला तीमुथियुस 3:8–13 पढ़ते है—सम्पा।]

> [*इसी प्रकार से डिकन को अवश्य ही गम्भीर होना चाहिए, दो रंगी, पियक्कड़, और नीच कमाई के लोभी न हों;*]
>
> [*पर विश्वास के भेद को शुद्ध विवेक से सुरक्षित रखें।*]
>
> [*और ये भी पहिले परखे जाएं; तब यदि वे निर्दोष निकलें, तो डीकन के काम को करें।*]
>
> [*इसी प्रकार से पत्नियों को भी गम्भीर होना चाहिए, दोष लगाने वाली न हों, पर सचेत और सब बातों में विश्वास योग्य हों।*]
>
> [*डीकन एक ही पत्नी के पति हों और लड़के वालों और अपने घरों का अच्छा प्रबन्ध करना जानते हों।*]
>
> [*क्योंकि जो डिकन का काम अच्छी तरह से कर सकते हैं, वे अपने लिये अच्छा पद प्राप्त करते हैं, और उस विश्वास में, जो मसीह यीशु पर है, बड़ा हियाव प्राप्त करते हैं।*]

21 आमीन। मैं इस समय इन भाइयों से पूछना चाहूंगा जिन्हें बुलाया गया है, क्या वे बस कुछ समय के लिए यहां मंच की ओर अभी आगे चलकर आयेंगे। और जब हम अपने सिरों को प्रार्थना के लिए कुछ समय के लिए झुकाते हैं, मैं चाहता हूं वे… और कलीसिया जानती है कि यह क्या है, कि यह आपके डिकन बोर्ड और आपके ट्रस्टी या खजांची का चुना जाना है।

22 प्रभु यीशु, यह गंभीर, पवित्र सोच के साथ है कि अब हम आपके पास आते हैं। हम आपके सबसे पवित्र वचन के आदर में आते हैं, हम यह विश्वास करते हुए आते हैं कि "हर एक मनुष्य का वचन गलत ठहरे, लेकिन परमेश्वर का वचन सच्चा हो।" और हम इस कलीसिया के लिए आपके आभारी हैं, जिसे यीशु ने अपने बहुमूल्य लहू से खरीदा है, और हमें इस भवन को आराधना करने के लिए दिया है।

23 और इस बड़े झुंड के निरीक्षक के रूप में, जिसे पवित्र आत्मा ने हमें होने के लिए ठहराया है, हम अब कोशिश कर रहे हैं कि इस सभा के लिए के समक्ष एक वफादार, धर्मी मनुष्य के समूह को रखे जिसे हम विश्वास करते हैं कि वे आत्मा से भरे हुये है और कार्यपद को लेने के लिए तैयार है। जैसा कि ये एक बार डिकन बोर्ड के संबध में कहा गया है, "जाकर तुम स्वयं अपने बीच में देखो, अच्छी गवाहियों वाले मनुष्य को और जो पवित्र आत्मा के साथ, ताकि वे इस रीति से सेवा के काम को कर सकें, कि विधवाओं और अनाथों के प्रति चिंता रहे, पैसे के वितरण के लिए, और कलीसिया के भलाई की चिंता करे।" बाद के वर्षों में, हम तब उस महान, प्रेरित, संत पौलुस के लेख को पढ़ते है, जो ऐसे पदों की आवश्यकताओं के बारे में वचनों की घोषणा को व्यवस्थित करता है।

24 परमेश्वर, इन मनुष्यो का सम्मान करे। और अब यह चुनाव है, प्रभु, एक स्वयं में स्वतंत्र अधिकार रखने वाली कलीसिया के रूप में, प्रभु यीशु की देह के रूप में, कि वे चुनाव को करते हैं। और... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... और सभा के इस भाग को विशेष तरह से निर्देशित करें, यीशु के उस धर्मी और पवित्र नाम में।

25 अब अपने झुके हुए सिरों के साथ, केवल हमारे सिर ही नहीं, लेकिन हमारे ह्रदय भी, और इस कलीसिया के हर सदस्य के रूप में, जो यहां नियमित रूप से आते है और आपके दशमांश और प्रेम दान के साथ इसका समर्थन करते है, जिसे इस कलीसिया का एक सदस्य करके माना जाता है, जबकि पास्टर और मैं, केवल, सहयोगी पास्टर देख रहे हैं, भाई नेविल, और मैं आगे देख रहा हूं, मैं पूछना चाहूंगा कि क्या यह कलीसिया भाई टेलर को आपकी सबसे अच्छी सोच के द्वारा एक धर्मी व्यक्ति के रूप में और योग्य पाती है, कि लोगों के इस झुण्ड के ऊपर डिकन हो? आप उसी तरह अपना हाथ उठाकर प्रकट करे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं—सम्पा।] तो

ठीक है। अब यदि कोई विरोध है, तो क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं।] धन्यवाद।

26 क्या इस कलीसिया का कोई भी सदस्य यहां पाता है... और सब, क्या आप भाई हॉलिन हिकरसन को एक धर्मी और सम्मानित व्यक्ति पाते हैं, और एक मनुष्य जो आपकी दृष्टि में इस योग्य है कि इस उक्त कलीसिया का डिकन बने? क्या आप अपने दाहिने हाथ को ऊपर उठाने के द्वारा प्रकट करेंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं—सम्पा।] यदि यह विरुद्ध है, तो अपना हाथ उठाये। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं।]

27 क्या यह सभा भाई कोलिन्स को उसी तरह से पाते हैं, एक धर्मी और सम्मानित व्यक्ति, और इस कलीसिया के डिकन होने के कार्य के योग्य है? क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं—सम्पा।] तो ठीक है। कोई विरुद्ध है, क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं।]

28 क्या यह सभा के लोग भाई टोनी ज़ाबेल को एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में पाती है और इस कार्य पद के योग्य है, इस कलीसिया में इस झुंड के ऊपर डिकन होने के लिए? क्या आप अपना दाहिना हाथ उठाएंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं—सम्पा।] कोई विरुद्ध है, क्या आप अपना हाथ उठाएंगे। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं।]

29 क्या इस सभा के लोग यह महसूस करते है कि भाई हार्नड एक धर्मी और पवित्र व्यक्ति है, जो कुछ समय से लेकर हमारे साथ है, इस कलीसिया के खजांची होने के लिए, सचिव–कोषाध्यक्ष होने के लिए, कि इसके अर्थ व्यवथा को संभाले और इसके बिलों का भुगतान करे? यदि ऐसा है, तो अपना दाहिना हाथ उठाये। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं—सम्पा।] क्या कोई विरुद्ध है, अपना दाहिना हाथ उठाये। [भाई ब्रन्हम रुकते हैं।]

30 मैं उन—उन भाइयों से कहना चाहता हूं जो इस वर्तमान समय पर खड़े हैं, इस क्रूस के कदमों पर, कि यह कलीसिया, एक सौ प्रतिशत सहमति के साथ (जो बिल्कुल विरोध में नहीं है), आप सभी को परमेश्वर की दृष्टि में इस कार्य पद के लिए योग्य पाती है, कि परमेश्वर ने आपको बुलाया है।

31 अब, आप, जैसा कि कहा गया, "पहले इन्हें परखा जाए, और देखें कि क्या वे इस कार्य पद की चाह रखते हैं।" कुछ ही हफ्तों में, परमेश्वर ने चाहा तो, मैं इस मनुष्य के झुण्ड पर हाथ रखने के लिए फिर वापस

आऊंगा, कि उन्हें आधिकारिक रूप से ट्रस्ट–... या इस कलीसिया के डिकन, और ट्रस्टी बनाये।

आइए हम अपने सिरों को कुछ क्षण के लिए झुकाएं:

32 प्रभु, हम आज रात खुश हैं कि मनुष्य अब भी धरती पर जी रहा है जो संसार के सामने पवित्र चल सकता है; इतना पवित्र कि एक आराधनालय, जो सख्त नियमों के साथ है जैसे कि यह एक कलीसिया है, जो पांच लोगों को उनके नेतृत्व करने वालो के नाई उस पद में वोट दे सकते हैं, बिना एक भी विपरीत वोट के। हम उनके लिए खुश हैं, और हम महसूस करते हैं कि आप इन निर्णयों को लेने में हमारे साथ थे, इस बोर्ड और हम पास्टरो के।

33 परमेश्वर, इन मनुष्यो को आशीष दे। और होने पाए वे अपने पूरे ह्रदय से इस कार्यपद में सेवा को करें, यह जानते हुए कि यह उनके लिए स्वर्ग में एक महान दर्जे को प्राप्त कर रहे है। किसी दिन जब स्वर्ग की किताबे बंद हो जायेंगी, होने पाए स्वर्गीय जीवों की किताबो और स्वर्ग की महान किताब खोली जाए, होने पाए उनके नाम सौ प्रतिशत परमेश्वर और उद्धारकर्ता और सारी स्वर्गीय सेना के सामने हो, उसके राज्य में उसी तरह से होने के लिए। उन्हें आशीषित करें, प्रभु, और होने पाए वे इस कार्य पद में अच्छी तरह से सेवा करें। यीशु के नाम में हम उनके लिए आपको धन्यवाद देते हैं। आमीन।

34 मैं बस आपसे हाथ मिलाना चाहता हूं, भाई हार्नड, और भाई ज़ाबेल, और भाई कोलिन्स, भाई हिकरसन और भाई टेलर। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि इस सारे समय में हमने ऐसे सम्मानित व्यक्ति के साथ संगति की है। परमेश्वर अब आपको आशीष दे। और हम आपसे जल्द ही मिलेंगे, जैसे ही मुझे थोड़ा विश्राम मिल जाता है, कि वापस आकर, और देखेंगे कि आप अपने कार्यपद को किस तरह से पसंद करते हैं। तो ठीक है, उनके वोट के द्वारा, मैं सोचता हूं जो एक सौ प्रतिशत था, बिल्कुल भी इसके विरोध में नहीं था।

35 ओह, क्या आप खुश नहीं हैं कि आप आज ऐसे लोगों के साथ संगति कर रहे हैं जो परमेश्वर के सामने पवित्र जी सकते हैं, और इस वर्तमान संसार के सामने उस स्थिति में जी सकते हैं? यह एक अद्भुत बात है।

36 और मुझे आज रात यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुझे इन लोगों और इस कलीसिया को अपना मित्र बनाने का—का सौभाग्य प्राप्त हुआ

है। मैं बहुत ही खुश हूं कि परमेश्वर ने मुझे स्वत: सारे संसार भर में उसकी कलीसिया के साथ संगति को दिया। ओह, वे अस्वीकृत किये और ठुकराये गये और उनके विषय में बातें की गयी, और जैसा कि मैंने आज सुबह अपने संदेश में कहा, हो सकता है बस कीचड़ से भरे हुए, जिस तरह से संसार उन्हें देखता है, "कट्टरपंथियों के एक झुंड," के रूप में लेकिन परमेश्वर उन्हें अपने बच्चों के रूप में देखता है। मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। वे हो सकता है आपको यह नहीं बता पाएंगे कि यह चंद्रमा से कितने मील की दूरी पर है। हो सकता है वे आपको सारे तारा मंडल के विषय में नहीं बता पाएंगे और यह कैसे संचालित होता है। लेकिन वहां पर वे एक बात को जानते हैं, वे जानते हैं कि उन्होंने कब फिर से जन्म लिया था। मैं उनके लिए बहुत ही खुश हूं।

37 और एक छोटे से दृष्टांत के रूप में जो मैंने सीखा, और मैं इसे आज रात अपनी दो छोटी लड़कियों के साथ जोड़ने जा रहा हूं जिससे कि एक प्रकार से यह हमारे लिए घर जैसा हो जाए, जिससे कि इसे हमारे लिए वास्तविक बना दे, कि आप इसका अर्थ समझ जायेंगे। एक सुबह, बिस्तर से उठते हुए... मेरी दो छोटी लड़कियां हैं। उनमें से एक रिबका है, और उनमें से एक साराह है, और वे पिता की छोटी लड़कियां हैं।

38 और मेरा एक छोटा लड़का है, जोसफ। मैं चट्टानूगा से आ रहा था, एक रात एक सभा से होकर, जब मैं वहां पर था इस अंतिम अभियान में। और मैं तब—तब कार में था, अपने सबसे बड़े बेटे बिली के साथ जा रहा था। उसकी पत्नी और मेडा और लड़कियां कार में थे। और जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे थे, किसी ने भी शहर के कई ब्लॉक या विभागो तक कुछ भी नहीं कहा था। और मैंने उस रात प्रचार में लोगों पर बहुत जोर से काट-छांट की थी जिस तरह से वे कर रहे थे। और किसी ने कुछ भी नहीं कहा था। और छोटा यूसुफ मेरे पास आया और मुझे कंधे से पकड़ लिया, उसने कहा, "पिताजी, आपने निसंदेह आज रात प्रचार किया!"

39 और आज सुबह, जब मैं निकल रहा था और आठवीं और दसवीं सड़क पर जाने के लिए,... या पेन और दसवीं, मेरा मतलब, किसी ने भी कुछ भी नहीं कहा, ना ही पत्नी और दो लड़कियों ने। और छोटे जोसफ ने फिर से मेरे कंधे को पकड लिया, उसने कहा, "पिताजी, कि, मुझे आज सुबह का प्रचार निसंदेह पसंद आया," उसने कहा।

मैंने कहा, “तो ठीक है, मेरे पास एक प्रशंसक है, वह मेरा बेटा है।”

40 और हमारी छोटी सी बात का उल्लेख करता हूं। एक सुबह ऊपर, कमरे में बैठा हुआ था, छोटी बैकी दौड़ती हुई बाहर आती है, और, कहती है, वो मेरे पैर से आकर चिपक गयी और अपने हाथ मेरे चारों ओर डाल दिए, और वह पिता की छोटी लाडली बेटी है। और वह मुझे गले लगा रही थी। और छोटी सारा अपने छोटे पजामे के साथ बिस्तर पर से कूद पड़ी और कहती है, आगे दौड़कर आती है। वह छोटी सी भूरी आंखों वाली लड़की है।

41 छोटी बैकी कहती है, “ओह, साराह, तुम्हे आने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सारे के सारे पिताजी मेरे है। पिताजी पूरे मेरे हैं!” और छोटी सारा, वो अपने छोटे से होंठ नीचे की ओर करती है, उसकी छोटी भूरी आँखों को झुका देती है। मैंने *इस* तरह से हिलाया और दूसरे घुटने को बाहर किया, और वो आकर और उससे चिपक गयी।

42 बैकी के पैर लंबे हैं, इसलिए उसके पैर फर्श पर पहुंच जाते है। छोटी सारा डगमगाने लगती है, इसलिए मैंने दोनों हाथों को सारा के चारों ओर रख दिया। छोटी साराह ने बैकी की ओर देखा और कहा, “बेकी, हो सकता है पूरे के पूरे पिताजी तुम्हारे हो, लेकिन पूरी की पूरी मैं पिताजी के पास हूं!”

43 और मैं सोचता हूं कि यहां पर ये इसी तरह से है। हो सकता है हम सारे धर्म ज्ञान और सारे बड़े–बड़े यूनानी शब्दों को नहीं जानते, लोगों का यह झुण्ड शायद इसे नहीं जानता होगा। परंतु एक बात निश्चित है, मैं विश्वास करता हूं कि *हम* सभी यीशु के पास है। आमीन।

तो ठीक है, भाई नेविल।

58-0720E डीकनों का स्थान में रखा जाना
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org